**स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत सोशल सेक्टोरल वर्टिकल में स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के गठन हेतु कन्सल्टेन्ट्स/यंग प्रोफेशनल्स के चयन हेतु स्क्रीनिंग कमेटी एवं कन्सल्टेंसी इवैल्यूएशन कमेटी की बैठक दिनांक 07 मार्च एवं 08 मार्च, 2026 का कार्यवृत्त।**

---

शासन की अधिसूचना संख्या–4/2022/(2245/2022)1/01/35–आ–1–2022–13, दिनांक 10 अक्टूबर, 2022 द्वारा स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन का गठन किया गया है। स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के गठन में 07 सेक्टोरल वर्टिकल प्रखण्ड बनाने के प्राविधान हैं, जिसका उल्लेख उपरोक्त शासनादेश के पैरा–6 (3) में दिया गया है।

कार्यालय ज्ञाप संख्या–(4730/25)1/4/35–एस0टी0सी0–2/2025–18, दिनांक 14 नवम्बर, 2025 के द्वारा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश की तैनाती की गयी है। उपरोक्तानुसार स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के गठन तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी की तैनाती के उपरान्त स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन को विधिवत् स्थापित करने की कार्यवाही प्रदेश में गतिमान है।

अधिसूचना दिनांक 10.10.2022 में परिकल्पित सेक्टोरल वर्टिकल में वर्णित सोशल सेक्टर वर्टिकल के अन्तर्गत स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के गठन विषयक कार्यालय ज्ञाप सं0–332/35–एस0टी0सी0 अनुभाग–2/2026, दिनांक 02 फरवरी, 2026 निर्गत किया गया है। स्वास्थ्य प्रकोष्ठ द्वारा मातृ मत्यु दर, शिशु मृत्यु दर, स्टंटिंग एवं वेस्टिंग को प्रदेश में कम करने की दिशा में कार्य करना है। उपरोक्त लक्ष्य जहॉ एक ओर एस0डी0जी0 के प्रमुख अंग हैं, वहीं विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अत्यन्त आवश्यक है।

उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति के दृष्टिगत सोशल सेक्टर वर्टिकल में 07 पदों पर कन्सल्टेंट्स/यंग प्रोफेशनल की तैनाती विषयक निर्णय लिया गया। इस कम में 02 प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों (हिन्दुस्तान एवं टाईम्स आफ इण्डिया) में दिनांक 14.01.2026 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया। विज्ञापन प्रकाशित करने के 30 दिन के अन्दर प्राप्त होने वाले आवेदनों के सापेक्ष चयन की कार्यवाही करने के लिए कार्यालय ज्ञाप सं0–(80/26)1/7/35–एस0टी0सी0 अनुभाग–2/2026–25, दिनांक 12 जनवरी, 2026 के माध्यम से गठित स्क्रीनिंग कमेटी तथा कन्सल्टेंसी इवैल्यूएशन कमेटी की बैठक दिनांक 07 मार्च एवं 08 मार्च, 2026 को की गयी।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि कार्यालय ज्ञाप संख्या––(80/26)1/7/35–एस0टी0सी0 अनुभाग–2/2026–25, दिनांक 12 जनवरी, 2026 के द्वारा स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन द्वारा नीति आयोग, भारत सरकार के आदेश संख्या–A-12036/2/2023-Adm.IB, दिनांक– 7th July, 2023 द्वारा निर्धारित "Procedure and Guidelines for Engagement of Senior Consultants/Consultants Grade-2/Consultants Grade-1/ Young Professionals in NITI Aayog, 2023." को पूर्णतः एडॉप्ट किया गया है। नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा उपरोक्त गाईडलाइन में दिए गए प्राविधानों के अनुसार प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष स्क्रीनिंग व चयन

की कार्यवाही के लिए स्क्रीनिंग कमेटी तथा कन्सल्टेंसी इवैल्यूएशन कमेटी की बैठक दिनांक 07–08 मार्च, 2026 को आहूत की गयी।

नीति आयोग, भारत सरकार के उपरोक्त आदेश/गाईडलाइन दिनांक 07.07.2023 के पैरा–6 में दिए गए एजूकेशनल क्वालीफिकेशन, एक्सपीरियंश आदि के प्राविधानों को इस चयन प्रकिया में अंगीकृत किया गया है। प्रकाशित वेकेंसी में Part Time Engagement/ Flexible Engagement जिसमें प्रोग्राम की आवश्यकता को देखते हुए फ्लैक्सीबल वर्किंग मॉडल/रिमोट वर्किंग का प्राविधान भी रखा गया है। इस स्थिति में इमाल्यूमेंन्ट्स को तदनुसार तय करने की व्यवस्था भी रखी गयी है। दिनांक 07.03.2026 एवं 08.03.2026 को स्क्रीनिंग कमेटी तथा कन्सल्टेन्सी इवैल्यूएशन कमेटी की संयुक्त बैठक आयोजित की गयी, जिसमें सभी 104 आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया।

कार्यालय ज्ञाप संख्या–80/26)1/7/35–एस0टी0सी0 अनुभाग–2/2026–25, दिनांक 12 जनवरी, 2026 में गठित स्क्रीनिंग कमेटी में निम्नलिखित सदस्य हैं :–

अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एस0टी0सी0– अध्यक्ष,<br>
अपर निदेशक, श्री अरविंद कुमार वर्मा, एस0टी0सी–सदस्य<br>
वित्त नियंत्रक–एस0टी0सी0–सदस्य।

**<u>कन्सल्टेंसी इवैल्यूएशन कमेटी में निम्नलिखित सदस्य हैं :–</u>**

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एस0टी0सी0– अध्यक्ष,

अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एस0टी0सी0–सदस्य,

वित्त नियंत्रक–एस0टी0सी0–सदस्य।

दिनांक 07 मार्च, 2026 एवं 08 मार्च, 2026 की आहूत बैठक में अपर निदेशक, एस0टी0सी0 (श्री अरविन्द कुमार वर्मा) दिनांक 07.03.2026 को अनुपस्थित थे। शेष सभी सदस्यों द्वारा समिति की उपरोक्त बैठक में दोंनों तिथियों में भाग लिया गया।

कन्सल्टेंसी मूल्यांकन समिति द्वारा साक्षात्कार एवं समग्र मूल्यांकन के आधार पर निम्नलिखित अभ्यर्थियों को सम्बन्धित श्रेणी के अन्तर्गत उपयुक्त (Suitable) पाया गया :-

| Sr. No. | Name of the Position | No of Posts | Candidate's Name |
|---|---|---|---|
| 1- | Senior Consultant (Cell Head) | 01 | Arup Kumar Das |
| 2- | Consultant Grade-2 (Maternal Health Expert) | 01 | 1. Sangeeta Goel<br>2. Abhay Baghel (Part time/Flexible engagement) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3- | Consultant Grade-2 (Data Analyst/MIS Analyst) | 01 | 1-Sadhvi Singh<br>2- Dr. Priti Chaudhary (Part time/Flexible engagement on probono) |
| 4- | Consultant Grade-2 (Nutrition & Child Health Expert) | 01 | कोई उपयुक्त नहीं पाया गया। |
| 5- | Consultant Grade-1 (Statistical Officer) | 01 | कोई उपयुक्त नहीं पाया गया। |
| 6- | Consultant Grade-1 (Program Coordinator) | 01 | Dr. Meenakshi Singh |
| 7- | Young Professional-Support Staff (Data Entry/Administrative) | 01 | Apoorva Chavi |

स्क्रीनिंग कमेटी तथा कन्सल्टेन्सी इवैल्यूएशन कमेटी द्वारा यंग प्रोफेशनल—सपोर्ट स्टाफ (डाटा इन्ट्री / डाटा एडमिनिस्ट्रेटिव) पद के सापेक्ष प्राप्त 53 आवेदकों के स्क्रीनिंग एवं साक्षात्कार के उपरान्त सर्वश्रेष्ठ 01 अभ्यर्थी के अतिरिक्त अन्य 05 निम्नलिखित अभ्यर्थियों को उनकी मेरिट तथा साक्षात्कार में उनके परफार्मेन्श के दृष्टिगत स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश में कार्य की आवश्यकता के दृष्टिगत उपयुक्त पाया गया :—

1. Anshika Agarwal
2. Anushree Srivastava
3. Manvendra Singh
4. Shiv Chaudhary
5. Aayush Verma

10.3.26

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अरविन्द कुमार वर्मा) | (विश्वजीत राय) | (अक्षत वर्मा) | (मनोज कुमार सिंह) |
| सदस्य | सदस्य | सदस्य | अध्यक्ष |